राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक प्रतियोगिता- आनंदम 2023 का समापन

नवज्योति/जोधपुर।

राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, जोधपुर में आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता (आनंदम-2023) का समापन व पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। प्रधानाचार्य अंशु सहगल ने इस प्रतियोगिता में विभिन्न गतिविधियों व प्रतियोगिताओं जिसमें अंताक्षरी प्रश्न मंच, राष्ट्रीय महापुरूष जीवनी, भाषण, स्व-रचित कविता पाठ, एकल व समूह नृत्य, रंगोली, पोस्टर, लघु नाट्य मंचन, एकल व समूह गायन प्रतियोगिता के विजेता व उप विजेताओं को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि संस्थान के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में जोधपुर का परचम फहराने के बाद जिस तरह से सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। जिससे छात्रों के बौद्धिक विकास में प्रतिस्पर्द्धित भावना का विकास हुआ। प्रधानाचार्य ने संस्थान के उन छात्रों को भी सम्मानित किया, जिन्होंने प्राविधिक शिक्षा मंडल की परीक्षाओं में राज्य स्तर पर मैरिट हासिल की। इस संस्थान की विभिन्न गतिविधियों में महत्वपूर्ण सहयोग करने वाले कार्मिकों का भी सम्मान किया। गत वर्ष की राष्ट्रीय परेड में जोधपुर का प्रतिनिधित्व करने वाले एनसीसी के छात्रों का भी विशेष सम्मान किया। बुधवार को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में विजेता रहे छात्र-छात्राएं मोनिका माथुर, प्रभात दाधीच, गणेश वैष्णव, यश दीक्षित, भावेश, मोहित पंचारिया, पूर्ति सिंह, पूजा मुंशी, सानिया, पायल जोधा, धीरज भट्ट, पवन राठौड़, गौरान्स व्यास व पार्थो रॉय को मेडल व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही संस्थान के कार्मिक रामदेव धनाड़िया, संतोष कुमार, मांगीलाल, प्रेमचंद जोया, कमलजीत सिंह गेवाल, ओमप्रकाश जांगिड़, विजय किशन, सोहन गिरि, कैलाश कंवर, संदीप पंचारिया, मुरलीधर वर्मा, नरेंद्र प्रसाद व्यास सहायक लेखाधिकारी को संस्थान में उत्कृष्ट सहयोग के लिए विशेष सम्मान से सम्मानित किया।

इस कार्यक्रम के पुरस्कार वितरण समारोह में गत दिनों में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता की विजेता टीमों में मैकेनिकल, मंडोर, इलेक्ट्रोनिक्स, पैट्रोलियम, सिविल व अन्य शाखाओं के प्रतिभागियों को मेडल व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्थान की गतिविधियों के उत्कृष्ट कवरेज के लिए पधारे मीडिया प्रतिनिधियों को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य द्वारा अपने उद्‌बोधन में प्रतियोगिता के समस्त प्रभारियों, संस्थान के समस्त कार्मिकों व आयोजन समिति के समस्त सदस्यों का सफल आयोजन के लिए हृदय से आभार प्रकट किया।

वहीं संस्थान में चतुर्थ जॉब फेयर का भी आयोजन किया। जिसमें जोधपुर की बाबा कंसारा बियरिंग, मारूति अरेना, रॉक ड्रिल व एलएमजे ने तीन छात्रों का चयन व 13 छात्रों को रोजगार प्रदान करने के लिए शॉर्टलिस्टेड किया गया। इस अवसर पर ट्रैनिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर टीआर राठौड़ ने बताया कि संस्थान में आयोजित चार जॉब फेयर के माध्यम से लगभग 250 से अधिक छात्रों को रोजगार प्राप्त होगा व शॉर्टलिस्टेड किए हुए छात्रों में से भी लगभग 400 छात्रों को रोजगार अवसर प्रदान होंगे। कार्यक्रम का संचालन टीआर राठौड़ व पुरस्कार वितरण प्रभारी डॉ. चंद्रेष शर्मा ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया।

दो दिन प्रदेश के दौरे पर

गहलोत गुरुवार और शुक्रवार को प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे गुरुवार को विभिन्न महंगाई राहत शिविरों का अवलोकन करने के बाद नाथद्वारा में रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन शुक्रवार को सुबह नाथद्वारा और भीलमगरा में महंगाई राहत शिविरों का निरीक्षण करने के बाद अजमेर पहुंचेंगे, जहां पर विजय लक्ष्मी पार्क वार्ड नंबर 66 में महंगाई राहत कैंप एवं प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत कैंपों का अवलोकन करेंगे। इसके बाद शाम को चार बजे तक जयपुर लौटने का कार्यक्रम है।

आनन्दम का समापन, प्रतिभाओं का किया सम्मान

विश्वास एक्सप्रेस

जोधपुर। राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय सांस्कृति प्रतियोगिता (आनन्दम-2023) का समापन व पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न हुआ। प्रधानाचार्य अंशु सहगल ने इस प्रतियोगिता में विभिन्न गतिविधियों व प्रतियोगिताओं अंताक्षरी प्रश्न मंच, राष्ट्रीय महापुरूष जीवनी, भाषण, स्व रचित कविता पाठ, एकल व समूह नृत्य, रंगोली, पोस्टर, लघु नाट्य मंचन, एकल व समूह गायन प्रतियोगिता के विजेता व उप विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया। प्रधानाचार्य ने संस्थान के उन छात्रों को भी सम्मानित किया जिन्होनें प्राविधिक शिक्षा मण्डल की परीक्षाओं में राज्य स्तर पर मैरिट हासिल की। इस संस्थान की विभिन्न गतिविधियों में महत्वपूर्ण सहयोग करने वाले कार्मिकों का भी सम्मान किया। गत वर्ष की राष्ट्रीय परेड में जोधपुर का प्रतिनिधित्व करने वाले एनसीसी के छात्रों का भी सम्मान किया गया। आज के सांस्कृतिक कार्यक्रम में विजेता रहे छात्र-छात्राएं मोनिका माथुर, प्रभात दाधीच, गणेस वैष्णव, यश दीक्षित, भावेश, मोहित पंचारिया, पूर्ति सिंह, पूजा मुंशी, सानिया, पायल जोधा, धीरज भट्ट, पवन राठौड़, गौरान्स व्यास व पार्थो रॉय को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया साथ ही संस्थान के कार्मिक रामदेव धनाडिया, संतोष कुमार, मांगीलाल, प्रेमचंद जोया, कमलजीत सिंह गेवाल ओमप्रकाश जांगिड़, विजय किषन, सोहन गिरी, कैलाश कंवर, संदीप पंचारिया मुरलीधर वर्मा, नरेन्द्र प्रसाद व्यास सहायक लेखाधिकारी को संस्थान में उत्कृष्ट सहयोग के लिए विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया।